समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# टैरिफ समय-सीमा मे बंदलाव के ट्रंप के फैसले के बीच गिरा बाजार, सेसेंक्स 100 अंक लुढ़का, निफ्टी 24450 के पास।


Publisher

Published on 07 Jul 2025




## अमेरिका के टैरिफ डेडलाइन मे बंदलाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजार फिसला, एशियाई और अमेरिकी बाजारों मे भी गिरावट का माहौल।

**Stock Market:** अमेरिका द्वारा टैरिफ समय-सीमा में बदलाव के फैसले और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के चलते आज सोमवार, 7 जुलाई 2025 को **भारतीय शेयर बाजार मे गिरावट दर्ज** की गई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन **बीएसई सेसेंक्स करीब 100 अंकों** की गिरावट के साथ खुला, जबकि **एनएसई निफ्टी 50 24450** अंक के आसपास कारोबार करता दिखा।

**बाजार मे गिरावट की बड़ी वजहे:**

१. **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ लागू करने की नई समय-सीमा का ऐलान**।
२. **एशियाई और अमेरिकी बाजारों मे गिरावट का असर**।
३. **इंडसइंड बैंक सहित कुछ कंपनियों के कमजोर तिमाही अपडेट्स**।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट
किस कंपनी के शेयर गिरे और किसमें दिखी मजबूती ?

१. **गिरावट वाले शेयर :**
**इंडसइंड बैंक :** बैंक के लोन और डिपॉजिट में 3% से ज्यादा की गिरावट
**कुछ अन्य बैकिंग और मेटल सेक्टर के शेयर दबाव मे दिखे**

२. **तेजी वाले शेयर :**

**गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स :** 5% की मजबूती

**बोरोसिल रिन्यूएबल्स :** 4% ऊपर

**एफएमसीजी सेक्टर :** डाबर, गोदरेज कंज्यूमर में 4-5% और HUL में 2% की बढ़त

३. **एशियाई और अमेरिकी बाजारों मे भी गिरावट का माहौल**

बाजार गिरावट (%)

**जापान – निक्केई -0.26%**

**दक्षिण कोरिया – कोस्पी -0.48%**

**अमेरिका – नैस्डेक 100 -0.42%**

**डाउ जोन्स फ्यूचर्स -0.32%**

**S&P 500 फ्यूचर्स -0.39%**

**ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 बाजार** लगभग स्थिर रहा, जबकि अधिकांश अन्य बाजारों में गिरावट का रुख बना रहा।

आगे क्या रहेगा फोकस में ?

**इस महीने कई कंपनियों के तिमाही नतीजे जारी होंगे, जिनसे बाजार मे उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।**

**11 जुलाई :** डीमार्ट तिमाही नतीजे

**14 जुलाई :** एचसीएल टेक

**16 जुलाई :** टेक महिंद्रा

**क्रूड ऑयल मे गिरावट**

ओपेक+ देशों द्वारा उत्पादन बढ़ाने की घोषणा के बाद **क्रूड ऑयल** के दामों में 1% गिरावट दर्ज की गई है। अब क्रूड का **दैनिक उत्पादन 5.48 लाख बैरल** से अधिक हो गया है।

**टैरिफ टाइमलाइन बदली**

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट के मुताबिक, जिन देशों के साथ ट्रेड डील नहीं हुई है, उन पर **1 अगस्त 2025** से नई **टैरिफ** दरें लागू होंगी। इस घोषणा के बाद **वैश्विक बाजारों** में निवेशकों की चिंता बढ़ गई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.